एक नजर में

मार्च-मई नहीं, जनवरी में शुरू हो आईपीएल



नई दिल्ली. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आयोजन का समय बदलने और मुकाबलों की संख्या बढ़ाने को लेकर इसके संस्थापक और पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने नया प्रस्ताव दिया है. उन्होंने मार्च-मई के मौजूदा कार्यक्रम के बजाय अक्टूबर से अप्रैल के बीच टूर्नामेंट कराने का सुझाव दिया है. मोदी के मुताबिक, आईपीएल की शुरुआत जनवरी से की जा सकती है और मौजूदा 74 मैचों की संख्या बढ़ाकर 94 की जा सकती है. ललित मोदी के प्रस्ताव के मुताबिक, आईपीएल में सभी 10 टीमों के बीच पूरी होम-अवे लीग होनी चाहिए. इसमें प्रत्येक टीम अपने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दो मैच खेलेगी. एक मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर और दूसरा विपक्षी टीम के मैदान पर होगा. इस तरह हर टीम के खाते में नौ घरेलू और नौ बाहरी मुकाबले आएंगे. लीग चरण में कुल 90 मैच होंगे. इसके बाद चार प्लेऑफ मुकाबले खेले जाएंगे. इस तरह टूर्नामेंट में कुल 94 मैच होंगे. फिलहाल आईपीएल में 74 मैच होते हैं. नए प्रारूप से मुकाबलों की संख्या में 20 मैच की बढ़ोतरी होगी. मोदी ने फुटबॉल लीग का उदाहरण देते हुए कहा कि आईपीएल को भी लंबी अवधि में आयोजित किया जा सकता है. उनका सुझाव है कि अक्टूबर से अप्रैल के बीच उपलब्ध समय में टूर्नामेंट की उपयुक्त विंडो तय की जाए और जनवरी से इसकी शुरुआत की जाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि सात महीने तक लगातार आईपीएल ही खेला जाए. मुकाबलों के बीच पर्याप्त अंतराल रखा जाना चाहिए, ताकि खिलाड़ियों को आराम और तैयारी का समय मिल सके.

भारतीय हॉकी टीम ने मलेशिया को हराया

नई दिल्ली. जालंधर के ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 4-2 से मात दे दी है. एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में रविवार को मिली इस जीत के सूत्रधार कप्तान हरमनप्रीत सिंह रहे, जिन्होंने बेहतरीन 'हैट्रिक' लगाई. इस टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार चौथी जीत है. इस दमदार प्रदर्शन के लिए हरमनप्रीत को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया. इस जीत के साथ ही भारत अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है. मैच से पहले तक दोनों टीमें अजेय थीं. भारत ने आक्रामक शुरुआत करते हुए तीसरे मिनट में ही पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे हरमनप्रीत ने जुगराज सिंह के साथ मिलकर गोल में बदल दिया. इसके बाद दूसरे क्वार्टर में मलेशिया ने वापसी की. 18वें मिनट में मलेशिया को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जहां भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और राजिंदर ने शानदार बचाव किए. हालांकि, 25वें मिनट में मलेशिया के अखिमुल्लाह अनवर ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर हाफ-टाइम तक स्कोर 1-1 की बराबरी पर ला खड़ा किया. मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कमाल का खेल दिखाते हुए तीसरे, 33वें और 58वें मिनट में गोल दागे. इनमें से दो गोल पेनाल्टी कॉर्नर से आए, जबकि एक गोल उन्होंने पेनाल्टी स्ट्रोक के जरिए किया.



हर्ष ने एमपी के बल्लेबाजों को किया पस्त, 9 विकेट झटके

- रघुवंशी का लगातार तीसरा 50 प्लस स्कोर
- सलिल अरोड़ा चौथे शतक की ओर

नवभारत न्यूज़

रणजी ट्रॉफी के चौथे दौर में विदर्भ के स्पिनर हर्ष दुबे ने मध्य प्रदेश के खिलाफ ऐतिहासिक गेंदबाजी की. उन्होंने पहली पारी में 53 रन देकर 9 विकेट हासिल किए. उनकी फिरकी के सामने मध्य प्रदेश के बल्लेबाज टिक नहीं सके और पूरी टीम 209 रन पर ऑलआउट हो गई. फर्स्ट क्लास क्रिकेट में विदर्भ के किसी गेंदबाज का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है.

दुबे ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 10वीं बार एक पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट लेने की उपलब्धि हासिल की. मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में भी वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं.



अंगकृष रघुवंशी का लगातार तीसरा अर्धशतक

रेलवे के खिलाफ मुंबई के ओपनर अंगकृष रघुवंशी ने 78 रन की पारी खेली. यह इस सीजन में उनका लगातार तीसरा 50 प्लस स्कोर है. इससे पहले उन्होंने हरियाणा के खिलाफ 114 और नाबाद 67 रन बनाए थे. रेलवे के खिलाफ उनकी पारी में आठ चौके और एक छक्का शामिल रहा. हालांकि बाद में रेलवे के गेंदबाजों ने मुंबई को झटके दिए. दिव्यांश सक्सेना 39, मुशीर खान 4 और रघुवंशी आउट हुए. मुंबई ने 19 रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए. पंजाब के बल्लेबाज सलिल अरोड़ा का शानदार प्रदर्शन जारी है. चंडीगढ़ के खिलाफ पंजाब ने पांच विकेट पर 188 रन बनाए. अरोड़ा 71 रन बनाकर नाबाद हैं. इस सीजन में वह हैदराबाद के खिलाफ 151, छत्तीसगढ़ के खिलाफ 107 और असम के खिलाफ 110 रन बना चुके हैं.

शमी ने दो गेंदों पर झटके दो विकेट

महाराष्ट्र के खिलाफ बंगाल की पहली पारी 143 रन पर सिमट गई. जवाब में मोहम्मद शमी ने लगातार दो गेंदों पर पृथ्वी शॉ और दिग्विजय पाटिल को आउट कर महाराष्ट्र को शुरुआती झटके दिए. दूसरी ओर कर्नाटक ने असम को 135 रन पर समेटकर पहली पारी में बढ़त बना ली. शिखर शेट्टी और ऋतेश भटकल ने पांच-पांच विकेट लिए. दिल्ली के नवदीप सैनी ने भी सर्विसेज के खिलाफ शुरुआती दो विकेट लेकर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई.

ऑस्ट्रेलिया की वनडे-टी20 टीम का ऐलान

स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड के बिना उतरेगी टीम

मेलबर्न, 2 नवंबर(एजेंसी). इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे और टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. इस बार कंगारू टीम में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं. पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है.

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपने अनुभवी तेज गेंदबाजों को आराम देने का फैसला किया है. पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे. स्टार्क पहले ही टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं. इन दिग्गजों की गैरमौजूदगी में जेवियर बार्टलेट तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई कर सकते हैं.



ऑस्ट्रेलिया के युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन को वनडे और टी20 दोनों टीमों में शामिल किया गया है. उन्होंने हाल ही में भारत ए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट हासिल किए थे.

पीवी सिंधु ने जीता हाइलो ओपन का खिताब

सारब्रुकन. दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने रविवार को जर्मनी के सारब्रुकन में आयोजित 'हाइलो ओपन सुपर 500' बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतकर इस सत्र का अपना दूसरा टाइटल हासिल किया. सिंधु ने फाइनल में डेनमार्क की लाइन होजमार्क केयरसफेल्ट को सीधे गेमों में शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम की. जुलाई में 'जापान ओपन' जीतने वालीं पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु पिछले हफ्ते 'फ्रेंच ओपन' में उपविजेता रही थीं.

फिलिप्स ने 341 रन बनाकर रचा इतिहास



5 मैचों में 341 रन बनाकर बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

- फाइनल में 38 गेंदों पर नाबाद 65 रन ठोके

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 2 नवंबर. भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ने अपने बल्ले से ऐसी छाप छोड़ी कि उनके प्रदर्शन के साथ-साथ उनका बयान भी चर्चा में आ गया.

पांच मैचों की सीरीज में 341 रन बनाकर फिलिप्स ने द्विपक्षीय टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया. उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया. पुरस्कार मिलने के बाद उन्होंने अपनी बल्लेबाजी का मंत्र बताते हुए कहा कि मैदान पर 'शिकारी' बनना चाहिए, शिकार नहीं.

फिलिप्स ने कहा कि बल्लेबाजी के दौरान शांत और संयमित रहना जरूरी है. जब खिलाड़ी स्पष्ट सोच के साथ मैदान पर उतरता है और हर गेंद को उसकी खूबियों के अनुसार खेलने की कोशिश करता है, तो नतीजे बेहतर मिलते हैं. उनके मुताबिक, बल्लेबाज को गेंदबाज के सामने दबाव में आने के बजाय खुद हावी होने की कोशिश करनी चाहिए. भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ फिलिप्स ने आक्रामक रुख अपनाया.

ऐतिहासिक उपलब्धि की दहलीज पर कोहली

निशाने पर 13 हजार रन, 12 रन बनाते ही बनेगा रिकॉर्ड

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 2 नवंबर. भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा. बुधवार को होने वाले पहले मुकाबले में कोहली 12 रन बनाते ही वनडे क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 13 हजार रन पूरे कर लेंगे. ऐसा करने वाले वह दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे.

विराट कोहली वनडे में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अब तक 305 पारियों में 12,988 रन बना चुके हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में उन्हें 13 हजार रन पूरे करने के लिए सिर्फ 12 रन की जरूरत है. यह उपलब्धि हासिल करते ही वह इस बल्लेबाजी क्रम पर 13 हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे. इस सूची में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज रिकी पोंटिंग दूसरे स्थान पर हैं. पोंटिंग ने तीसरे नंबर पर 365 पारियों में 12,662 रन बनाए थे. कोहली के पास इस रिकॉर्ड को और आगे ले जाने का मौका है. वनडे में किसी एक बल्लेबाजी क्रम पर सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड हालांकि सचिन तेंदुलकर के नाम है. उन्होंने ओपनर के तौर पर 15,310 रन बनाए हैं.



सात विकेट से हारी जिम्बाब्वे

8.1 ओवर में 80 रन का टारगेट हासिल किया



संयुक्त अरब अमीरात, 2 नवंबर(एजेंसी). नूर अहमद की घातक स्पिन गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने तीसरे टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हरा दिया.

शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में जिम्बाब्वे की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.3 ओवर में 79 रन पर ऑलआउट हो गई. जवाब में अफगानिस्तान ने 8.1 ओवर में तीन विकेट खोकर 81 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया. टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया. फजलहक फारूकी ने पहले ही ओवर में इनोसेंट काइया को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई.

दो वनडे में भारत को हो सकता है नुकसान


पुजारा के मुताबिक शुरुआती तीन वनडे में भारत का पलड़ा भारी

नई दिल्ली, 2 नवंबर. भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज को लेकर पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने दिलचस्प अनुमान लगाया है.

उनका मानना है कि सीरीज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हो सकती है. पुजारा के मुताबिक, भारत के लिए सीरीज के शुरुआती तीन मुकाबले ज्यादा अनुकूल रह सकते हैं. इन मैचों में नियमित कप्तान शुभमन गिल और उप कप्तान केएल राहुल टीम का हिस्सा होंगे. लेकिन आखिरी दो वनडे में दोनों खिलाड़ी टेस्ट सीरीज की तैयारी शुरू करेंगे. भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 19 नवंबर से शुरू होनी है. ऐसे में अंतिम दो वनडे में भारतीय टीम का संयोजन बदला हुआ नजर आएगा.

शुभमन गिल ने ईडन पार्क में की 3 घंटे प्रैक्टिस

- अभ्यास का ज्यादातर हिस्सा सेंटर विकेट पर हुआ



कोलकाता. शुभमन गिल ने सोमवार को अभ्यास की शुरुआत हल्के थ्रोडाउन से की. इसके बाद उन्होंने स्पिन गेंदबाजी कोच सैराज बहुतुले के साथ काफी देर तक फील्डिंग का अभ्यास किया. गिल ने नेट्स पर बल्लेबाजी के दौरान अलग-अलग तरह की गेंदों का सामना किया.

बल्लेबाजी सत्र पूरा करने के बाद उन्होंने कैचिंग ड्रिल में हिस्सा लिया. पहले स्लिप में कैच पकड़ने का अभ्यास किया और फिर बाउंड्री के पास अलग-अलग पोजिशन से कैच लिए. अभ्यास सत्र का ज्यादातर हिस्सा सेंटर विकेट पर हुआ. केएल राहुल ने सबसे पहले दयानंद गरानी और नुवान सेनिविरत्ने के साथ करीब 15 मिनट तक थ्रोडाउन का अभ्यास किया. इसके बाद पैड पहनकर गिल के साथ बल्लेबाजी की. गिल और राहुल को अभ्यास कराने के लिए स्थानीय स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को लगाया गया. तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज, गुरनूर बरार और आकिब नबी सोमवार के अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए. तीनों ने एक दिन पहले लंबे स्पेल किए थे, इसलिए उन्हें आराम दिया गया. विराट कोहली ने मैदान पर जिम सेशन किया, जबकि रोहित शर्मा और ऋतुराज गायकवाड ने नेट्स पर अभ्यास नहीं किया. अभ्यास के दौरान ईडन पार्क की स्क्वायर बाउंड्री के पास सड़क पर कुछ दर्शक जमा थे. वे गिल को आवाज लगाकर ऑटोग्राफ मांग रहे थे. एक प्रशंसक ने खुद को पंजाब के मोगा का बताते हुए गिल से ऑटोग्राफ देने की अपील की.

दर्शकों ने केएल राहुल के नाम के नारे भी लगाए. भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज 4 नवंबर से शुरू होगी. भारतीय टीम मंगलवार दोपहर सामूहिक अभ्यास करेगी. न्यूजीलैंड की टीम सुबह के सत्र में ट्रेनिंग करेगी.

कब्जा नोटिस

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी, 'एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड' के अधिकृत अधिकारी के रूप में, 'आर्सिल - ट्रस्ट - 2026 - 015' ("आर्सिल") के ट्रस्टी की हैसियत से कार्य कर रहे हैं। 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' ("उक्त अधिनियम") के अंतर्गत, और उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तथा 'प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002' ("उक्त नियम") के नियम 3 के साथ इसे पढ़ते हुए, एक मांग नोटिस जारी किया गया था। इसमें उधारकर्ता, गारंटरों और बंधककताओं से बकाया राशि चुकाने के लिए कहा गया था, जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

चूंकि उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ताओं को, और आम जनता को भी, यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित अचल संपत्ति का कब्जा ले लिया है। यह कार्रवाई उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है। यह कब्जा "जैसी है, जहाँ है और जो कुछ भी है" के आधार पर लिया गया है, जिसकी तारीख नीचे दी गई है।

उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता का नाम	सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री बसंत कुमार रायकवार, श्रीमती मधु रायकवार, बसंत रायकवार ट्रैवलर्स (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10771747)	प्लॉट नं.15, ख.नं.58 का हिस्सा का पूरा भूखंड, जिसका क्षेत्रफल 500 वर्ग फुट है। स्थान: दाल महाराजपुर, मौजा रिमझा, पीएच नं. 79, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, म.प्र., भारत - 482003। संपत्ति का प्रकार: संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफुट में): 500	रू. 884946.44/- आठ लाख चौरासी हजार नौ सौ छियालीस और चवालीस पैसे मात्र	06-01-2026	29-10-2026

उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को विशेष रूप से तथा आम जनता को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सूचित एवं सावधान किया जाता है कि आर्किल (Arcil) उपर्युक्त अचल संपत्ति के वैध कब्जे में है तथा SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के अंतर्गत, इस नोटिस की प्राप्ति के पश्चात उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता अथवा कोई भी अन्य व्यक्ति, आर्किल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उक्त अचल संपत्ति को बिक्री, पट्टे अथवा किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित नहीं करेगा तथा न ही उसका किसी प्रकार से व्यवहार करेगा या उसका हस्तांतरण/विनिवेश करेगा। उक्त अचल संपत्ति के संबंध में किया गया कोई भी व्यवहार, उपर्युक्त उल्लिखित राशि, उस राशि पर अनुबंधित दर से भविष्य में लगने वाले ब्याज तथा आनुषंगिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के लिए आर्किल के प्रभार के अधीन रहेगा। उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो उपर्युक्त अचल संपत्ति को ऋणमुक्त कराने (रिडीम करने) के लिए उपलब्ध समयावधि से संबंधित हैं।

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 03.11.2026

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी,
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (ट्रस्टी की हैसियत से)

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड CIN No. -U65999MH2002PLC134884

रजिस्टर्ड ऑफिस: द रूबी, 10वीं मंज़िल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028. फोन: +91 2266581300. वेबसाइट: www.arcil.co.in

कब्जा नोटिस

IIFL-HFL ने 'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' (जिसे आगे 'उक्त एक्ट' कहा गया है) के प्रावधानों और उक्त एक्ट की धारा 13 (12) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए - साथ ही 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' (जिसे आगे 'उक्त नियम' कहा गया है) के नियम 3 के तहत - उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता, गारंटर और मॉर्गेजर (गिरवी रखने वाले) को बकाया राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया था। इस राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है। इसके बाद, IIFL-HFL ने 30-11-2025 के असाइनमेंट एग्रीमेंट के जरिए, उधारकर्ता/गारंटर/मॉर्गेजर से बकाया कर्ज़ (जो IIFL-HFL द्वारा दी गई सुविधाओं से उत्पन्न हुए थे) और उनसे जुड़ी अचल संपत्ति से संबंधित अपने सभी अधिकार, मालिकाना हक, हित और लाभ 'एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड' (Arcil) को सौंप दिए। Arcil ने यह काम 'Arcil' - Trust - 2026 - 015' के ट्रस्टी के तौर पर, सिक्योरिटी रिसीट्स के धारकों के फायदे के लिए किया है। इसलिए, इस असाइनमेंट के कारण, अब IIFL-HFL की जगह Arcil' आ गई है। अब Arcil को उधारकर्ता/गारंटर/मॉर्गेजर के खिलाफ सभी तरह की कानूनी कार्यवाही शुरू करने या जारी रखने का अधिकार होगा। साथ ही, वह उन वित्तीय दस्तावेजों के तहत अपने अधिकारों और लाभों को लागू कर सकेगी - जिसमें गारंटी और सिक्योरिटी इंटरेस्ट को लागू करना भी शामिल है - जिन्हें उधारकर्ता/गारंटर/मॉर्गेजर ने वित्तीय सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए निष्पादित और निर्मित किया था। क्योंकि उधार लेने वाले/गारंटर/गिरवी रखने वाले ने बताई गई रकम नहीं चुकाई है, इसलिए उधार लेने वाले/गारंटर/गिरवी रखने वाले और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि Arcil के अधिकृत अधिकारी के तौर पर, नीचे बताई गई अचल संपत्ति का कब्जा ले लिया गया है। यह कार्रवाई उस कानून की धारा 13 की उप-धारा (4) और उससे जुड़े नियमों के नियम 8 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, "जैसी है, जहाँ है और जो कुछ भी है, उसी हालत में" के आधार पर नीचे दी गई तारीख को की गई है।

उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता का नाम	सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्रीमती छाया विश्वकर्मा श्री जीतेन्द्र (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10778368)	यूनिट- ए3/301, फ्लोर नंबर 0, रत्नम, कुडवारी, खसरा नंबर 160, 169, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482001। संपत्ति का प्रकार: विक्रय योग्य क्षेत्र, कारपेट एरिया। संपत्ति का क्षेत्रफल: 540.00, 382.00 (वर्ग फुट में)	रू. छह लाख तीस हजार आठ सौ बारह मात्र	22-10-2025	29-10-2026

खास तौर पर उधार लेने वाले/गारंटर/गिरवी रखने वाले और आम जनता को यह चेतावनी दी जाती है कि ऊपर बताई गई अचल संपत्ति का कानूनी कब्जा Arcil के पास है। SARFAESI एक्ट, 2002 की धारा 13(13) के तहत, उधार लेने वाले/गारंटर/गिरवी रखने वाले या कोई भी अन्य व्यक्ति, इस नोटिस को मिलने के बाद, Arcil की पहले से लिखित मंजूरी के बिना इस अचल संपत्ति को बेचकर, लीज पर देकर या किसी अन्य तरीके से ट्रांसफर या हस्तांतरित नहीं करेगा। इस अचल संपत्ति से जुड़ा कोई भी लेन-देन ऊपर बताई गई रकम के लिए Arcil के अधिकार (चार्ज) के अधीन होगा, जिसमें उस रकम पर कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार भविष्य का ब्याज और उससे जुड़े खर्च, लागत, शुल्क आदि भी शामिल होंगे।

उधार लेने वालों/गारंटर/गिरवी रखने वालों का ध्यान उक्त एक्ट की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है, जो ऊपर बताई गई अचल संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 03.11.2026

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी,
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (ट्रस्टी की हैसियत से)

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड CIN No. -U65999MH2002PLC134884

रजिस्टर्ड ऑफिस: द रूबी, 10वीं मंज़िल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028. फोन: +91 2266581300. वेबसाइट: www.arcil.co.in

कार्यालय नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

Email-cmodidori@mpurban.gov.in Contact No.

एनआईटी क्र./ / लो.नि.शा./2026-27/2920 // ई-निविदा आमंत्रण सूचना // डिण्डौरी, दिनांक :- 02/11/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु म.प्र.शासन UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021 से प्रभावशील ISSR पर कम/अधिक प्रतिशत के आधार पर केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली या सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा दिनांक 19/11/2026 समय 17.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

ई-टेंडर क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत एवं ISSR (रुपए में)	अमानत राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रुपए में)	सक्षम पंजी श्रेणी	कार्यावधि
2026_UAD_547141_1	वार्ड क्रमांक 05 में इंद्र सिह मरकाम के घर से झारिया जी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	598176.00 UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021	11964.00	2000.00	Centralized Registration system on PWD	03 माह
2026_UAD_547125_1	वार्ड क्रमांक 05, त्रम्बकेश्वर मंदिर नाला के पास से नाली निर्माण कार्य।	210609.00 UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021	4212.00	2000.00	Centralized Registration system on PWD	03 माह

शर्त-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्रीमती सुनीता अशोक सारस, अध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी | श्रीमती सारिका मंटू नायक, उपाध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी | श्री रीतेश जैन, लोक निर्माण सभापति, नगर परिषद डिण्डौरी | मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

MOIL LIMITED

(A Government of India Enterprise)
Moil Bhawan, 1-A, Katol Road, Nagpur-440013
Website: www.moil.nic.in | E-mail : compliance@moil.nic.in
Telefax: 0712-2591661 | CIN: L99999MH1962GOI012398

Extracts of unaudited Standalone and Consolidated financial results for the quarter and half year ended 30th September, 2026

(₹ in lakhs)

Sr. No.	Particulars	Standalone			Consolidated		
		Quarter ended		Half year ended	Quarter ended		Half year ended
		30.09.2026 Unaudited	30.09.2025 Unaudited	30.09.2026 Unaudited	30.09.2026 Unaudited	30.09.2025 Unaudited	30.09.2026 Unaudited
1	Total income from operations	36913.28	33274.44	74001.61	36913.28	33274.44	74001.61
2	Net profit /(loss) for the period (before tax, exceptional and /or extraordinary items)	7713.45	8975.57	18875.81	7713.04	8975.57	18875.40
3	Net profit /(loss) for the period before tax (after exceptional and / or extraordinary items)	7713.45	8975.57	18875.81	7713.04	8975.57	18875.40
4	Net profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and /or extraordinary items)	6177.76	7043.85	14939.37	6177.46	7043.85	14939.07
5	Total comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	4773.80	5775.35	12157.62	4773.50	5775.35	12157.32
6	Equity share capital (Face value of ₹10 each)	20348.52	20348.52	20348.52	20348.52	20348.52	20348.52
7	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet	262733.91	249865.57	262733.91	262733.61	249865.57	262733.61
8	Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹10 each)						
	Basic	3.04	3.46	7.34	3.04	3.46	7.34
	Diluted	3.04	3.46	7.34	3.04	3.46	7.34

Notes:

(1) The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 2nd November, 2026 and have been reviewed by Statutory Auditors of the company. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.

(2) The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter and half year ended 30th September, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in detailed format are available on the websites of Stock Exchanges (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.moil.nic.in).

(3) The Board has approved an interim dividend of ₹ 2.20 per equity share for the financial year 2026-27.

Scan QR Code for detailed Results

Place : New Delhi
Date: 2nd November, 2026

For MOIL Limited
Sd/-
V Suresh
Chairman-cum-Managing Director
DIN: 10059734